हर्षोल्लास से मनाया भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव

ब्यावर, (निसं)। राजस्थान महिला कल्याण मंडल द्वारा संचालित संजय इंक्लूसिव स्कूल में भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि अमित बंसल अध्यक्ष महावीर इंटरनेशनल युवा एवम अध्यक्षता वीना नाहर पूर्व चेयर पर्सन जीतो लेडिस विंग, ज्ञानचंद कोठारी पूर्व चेयरमैन अजमेर जॉन, विनय पारिक, अनुपम रुनिवाल संस्थापक अध्यक्ष, निखिल महेश्वरी, सुनील सिंघल, पूर्व अध्यक्ष राजू भाई सेठिया अध्यक्ष जैन लोकाशाह नवयुवक मंडल, अमित डोसी श्री ओसवाल जैन श्री संघ, नरेंदर पाल पदावत अध्यक्ष उदय खरवा, प्रकाश मकाना, गोतम संचेती, अशोक पालड़ेचा अध्यक्ष महावीर इंटर नेशनल रॉयल, पारस कुमावत, रश्मि जैन, सुनीता, लव नामा, श्सत्यनारायन दाधीच, जे पी शर्मा, रोनक श्री श्रीमाल, योगेश बंसल, मोहित सिंघल, राजेश भूतड़ा, सुशिल शर्मा, सुधीर जैथलिया, त्रिलोक अग्रवाल, पुलकित सिंघल आदि ने शिरकत की। कार्यक्रम शुरुआत भगवान महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। पुष्प भेंट कर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। विद्यालय के बच्चो द्वारा महावीर स्वामी की शिक्षा जिओ और जीने दो अहिंसा परमो धर्म की जिवंत झांकी सजाई एवं सांस्कृतिक कार्यकर्म प्रस्तुत कियारणसिंह चीता (उपनिदेशक-शिक्षा) ने भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव की सभी को हार्दिक शुभ कामनाये देते हुए उनकी शिक्षा को आत्मसात कर जीवन जीने की प्रेरणा दी। अमित बंसल मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बताया कि महावीर स्वामी ने जीवन में मनुष्य के कल्याण के कार्य किये एवं सभी जीवो के साथ अहिंसात्मक व्यवहार करने की प्रेरणा दी। हमें उनके द्वारा बताये मार्ग का अनुसरण करना है। विद्यालय के कार्यो की सराहना करते हुए हमेशा सहयोग करने की बात की।

वीना नाहर ने भगवन महावीर के जीवन परिचय प्रकाश रखते हुए उनकी शिक्षा को समझाया एवं सभी को क्षमा करने का महत्व बताते हुए शुभकामनाये दी। अनुपम रुनिवल ने सभी को महावीर स्वामी जयंती की शुभ कामनाये देते हुए विद्यालय के कार्यो की सराहना की।

संजय इंक्लूसिव स्कूल में भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया।

'अजमेर की विरासतें देख हम हुए प्रभावित'

■ जन सेवा समिति और श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के तत्वावधान में संग्रहालय में गोष्ठी

अजमेर, (कासं)। जन सेवा समिति सर्वधर्म प्रतिनिधियों और श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियो के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय संग्राहलय में आयोजित विरासतें हमारी पहचान विषय पर आयोजित वैचारिक गोष्ठी में चण्डीगड और पंजाब उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस एचएस मदन ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि अजमेर में कौमी एकता की मिसाल देखने को मिलती है।

उन्होने कहा कि अजमेर में विश्व सतरीय विरासतें देखने को मिलती है उनमें अजमेर के पुष्कररराज, बारह दरी, आनासागर झील, ख्वाजा मुईनुद्वीन हसन चिश्ती की दरगाह और राजकीय संग्रहालय प्रमुख है। कार्यक्रम के संयोजक व श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ व जन सेवा समिति के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय संग्राहलय के अधीक्षक हेमेन्द्र कुमार अवस्थी ने बताया कि हमारा उद्देश्य हे कि हमारी धरोहरों और विरासतो की जानकारी युवा पीढि को अधिक से मिले।

सह संयोजक तरूण कुमार वर्मा ने अपने विचार में बताया कि अजमेर का पूर्व नाम अजयमेरू है जो कि एक ऐतिहासिक नाम है।तरूण वर्मा और रमेश लालवानी ने सर्वधर्म प्रतिनिधियो सिख धर्म के जस्टिस एचएस मदन दम्पति,बौद्व मठठ के पुष्पेन्द्र कुमार, मुस्लिम धर्म के इरफान खान,खाईलैण्ड मार्केट विकास समिति के सचिव प्रदीप कुमार अग्रवाल,आगरा गेट व्यापारिक ऐसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश तम्बोली,सुश्री पिंकी छाबडा,विरन्द्र कुमार,सूरत के हरि चान्डल आदि का राधास्वामी सत्संग डेरा बाबा जैमलसिंह डेरा ब्यास अमृतसर से प्रकाशित आध्यात्मिक साहित्य परमार्थी साखियां भेट करके सम्मानित किया।

संयोजक रमेश लालवानी और सह संयोजक तरूण कुमार वर्मा का संग्रहालय परिवार की और से पुष्पेन्द्र कुमार और विरनेन्द्र कुमार ने माल्यार्पण करके और राजकीय संग्रहालय का समस्त अतिथियो को निरीक्षण करवाकर अभिनन्दन किया गया।

सार-समाचार

मुख्य शासन सचिव ने किया निरीक्षण

मसूदा, (निसं)। राज्य के मुख्य शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने शुक्रवार को मसूदा खण्ड क्षेत्र के खरवा के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री कृष्ण कुणाल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंन्द्र के चिकित्सक कक्ष मेल वार्ड, फिमेल वार्ड का निरिक्षण किया गया लेब एवं होने वाली जाचों का विस्तृत जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय में होने वाली जाचों एवं उपकरण की उपलब्धता के बारे में विस्तृत जानकारी ली एवं मरीजों से दवाइयों की उपलब्धता एवं मरीजों से रूबरू होकर चिकित्सालय स्टॉफ के व्यवहार की जानकारी ली। मुख्य शासन सचिव ने चिकित्सालय के सेनिटेशन सुविधा एवं पानी की उपलब्धता के बारे में उन्होंने खुद टायलेट मे जाकर जाँच की। निरीक्षण के दौरान ओ.पी.डी 204. एवं आई. पी. डी. 15 डिलवरी 2 डी.डीसी.में 540 प्रकार की दवाईयों की उपलब्धता पाई गई एवं चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ दुर्गा दत्त एवं समूचे स्टाफ का कार्य व्यवहार संतोषजनक पाया गया। मुख्य शासन सचिव कृष्ण कुणाल के द्वारा चिकित्सालय परिसर में संचालित आयुष चिकित्सा स्टाफ के बारे में जानकारी लेने के दौरान आयुष चिकित्सक एवं स्टॉफ की अनुपलब्धता पाए जाने पर उन्होंने जयपुर स्थित उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर आयुष स्टाफ लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान ब्यावर जिला कलेक्टर उत्सव कौशल,ब्यावर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय गहलोत, अत्तिरित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. लोकश कुमावत, मसूदा उपखण्ड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत एवं मसूदा ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित वैष्णव मौजूद थे।

प्रमुख पदाधिकारी होंगे सम्मानित

अजमेर, (कासं)। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के प्रमुख पदाधिकारियों को आज शनिवार को रात्रि में 07 बजे उत्तार धसेटी क्षेत्र में गणगौर की सवारी के पूजन महाआरती के आयोजन के अवसर पर सम्मानित किया जायेगा।उत्तार धसेटी के अध्यक्ष और महासंघ के अध्यक्ष महेन्द्र बंसल ने जानकारी प्रदान करते हुए बताया है कि शनिवार को महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व आगरा गेट के संरक्षक भागचन्द दौलतानी,महासंघ के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी,दरगाह बाजार के होतचन्द सीरनानी,जोधा टेकचन्दानी,सदर बाजार के अध्यक्ष अशोक मुदगल,सचिव अशोक दुल्हानी मामा,सचिव दौलत खेमानी,कोषाध्यक्ष विजय खेमानी,संजय मार्केट यूथ विंग के अध्यक्ष मितेश निचानी,उपाध्यक्ष हरीश अगनानी,सचिव हरीश वतवानी,न्यू मैजेस्टिक यूथ विंग के अध्यक्ष नीरज नन्दा,उपाध्यक्ष उमेश गिदवानी,पुलिस लाईन्स के अध्यक्ष रणवीर सैनी,गंज के अध्यक्ष मानमल गोयल,देहली गेट के अध्यक्ष जशन वरलानी,कचहरी रोड के सचिव किशोर टेकवानी,भोजनालय संघ के अध्यक्ष किशन सिंह राव,डिग्गी प्लाजा मार्केट के दिलीप बूलचन्दानी,डिग्गी बाजार के अध्यक्ष विजय गोयल,अहाता मौहल्ला के अध्यक्ष अश्वनी शास्त्री,सौदागर मौहल्ला के सचिव उमेश शर्मा सहित अन्य का अभिनन्दन किया जायेगा।महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि महासंघ के पदाधिकारी गणगौर पूजन में महाआरती में सम्मलित होकर सबकी खुशहाली और अच्छे व्यापार की भी प्रार्थना करेंगे।

धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

अजमेर, (कासं)। आशा गंज स्थित हासीबाई धर्मशाला के पास स्थित पूज उडेरो लाल मन्दिर कमेटी एवं नवयुवक सेवा मण्डल द्वारा मन्दिर के द्वारा शुक्रवार को पूज्य झूलेलाल के थारूं के दिवस पर पूज्य श्री झूलेलाल साहिब की पवित्र ज्योति प्रज्ज्वलित करके महिला मण्डल द्वारा गीत संगीत पंजडे,आरती,पल्लव प्रार्थना छेज के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सेवादारी लेखराज ठकुर ने बताया कि पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के महासचिव वरिष्ठ पत्रकार रमेश लालवानी का इस अवसर पर पूज्य श्री झूलेलाल साहिब की पख्खर पहनाकर, पूज्य श्री झूलेलाल साहिब के लॉकेट के मोतियो की माला पहनाकर, टिप्पणा प्रदान करके सम्मानित किया गया। नवयुवक सेवा मण्डल और मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष वीरूमल ज्ञानचन्दानी,उपाध्यक्ष अजीत कुमार पमनानी, महासचिव दिनेश गुरूबक्षानी, सेवादारी लेखराज ठकुर, सह सचिव जेठानन्द मंधनानी, कोषाध्यक्ष मोतीराम लधानी की कमेटी के द्वारा सेवाऐ प्रदान की गई।

बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया

अजमेर, (कासं)। लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा सेवा भारती की माधव शाखा के तत्वावधान में तीर्थराज पुष्कर के पास बसे ग्राम चावंडिया के स्लम एरिया नायकों की ढाणी में स्थापित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा के साथ संस्कार ग्रहण करने के लिए आने वाले 55 विद्यार्थियो को गणवेश की सेवा भेंट की गई। अध्यक्ष लायन अनिल छाजेड़ ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक प्रांतीय सभापति हंगर रिलीफ लायन अतुल पाटनी के संयोजन में एवम माधव शाखा के मुख्य शिक्षक गिरधारी सेन के आथित्य में जरूरतमंद परिवार के बच्चो को शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए उपहार स्वरूप गणवेश की सेवा दी। अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश रार ने सेवा सहयोगियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर लायन अतुल पाटनी, गिरधारी सेन, ओम प्रकाश रार, कन्हैया लाल सेन, हरी किशन सेन, जगदीश प्रसाद, सौरभ जाट सहित बच्चो के अभिभावक मोजूद रहे।

द्वितीय प्रशिक्षण 21 अप्रेल को

भीलवाड़ा, (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत भीलवाडा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सम्मिलित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर नियुक्त किये जाने वाले सेक्टर अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के कानूनों एवं नियमों की जानकारी देने तथा निपूर्णता लाने के उद्वेश्य से 21 अप्रैल को प्रात: 11 बजे नगर परिषद के महाराणा प्रताप सभागार में द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता ने बताया कि प्रशिक्षण में 212 सेक्टर अधिकारी एवं 191 पुलिस अधिकारी भाग लेगे।

शत प्रतिशत मतदान की ली शपथ

अरांई, (निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा अराई के सदस्यों ने मतदान शत प्रतिशत कराने हेतु शपथ ली गई राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा अराई के अध्यक्ष ओमप्रकाश सारण के नेतृत्व में पेंशनर्स और मातृशक्ति को मतदान करने की शपथ दिलाई गई साथ ही अन्य को भी मतदान हेतु प्रेरित करने का आव्हान किया गया। शपथ कार्यक्रम के दौरान मंत्री हनुमान प्रसाद खोरवाल ने 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदाताओं को किसी प्रकार की तकलीफ नहीं होने दे और निष्पक्ष मतदान करने के लिए निर्भीक होकर मतदान में भाग लेवे।

तहसीलदार सहित अन्य के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

मसूदा, (निसं)। फर्जी दस्तावेज तैयार कर फर्जी हस्ताक्षर कर दिए जाने के मामले में मसूदा थाने में तहसीलदार सहित अन्य के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैगलियावास निवासी सुरेंद्र बेरवा ने धोखाधड़ी से फर्जी दस्तावेज तैयार करने एवं उसके फर्जी हस्ताक्षर करने के आरोप में बैगलियावास निवासी हरगोविंद सिंह तथा तात्कालिक तहसीलदार ओम सिंह लखावत तथा तहसील के कर्मचारी सत्यनारायण शर्मा के विरुद्ध पुलिस थाना मसूदा में 420,406,120 बी भारतीय दंड संहिता सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करवाया है जिस पर पुलिस थाना मसूदा ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है त पीड़ित ने न्यायालय में प्रस्तुत अपने परिवाद में बताया कि यह कि दिनांक 25.06.2016 को हर गोविंद सिंह उसके घर आया और कहा कि उसके दादा औंकार सिंह की भूमि के उपर लोन की फाईल बनवानी हैं इसलिए उसे गवाह की आवश्यकता है तब परिवादी ने उसका विश्वास करते हुए लोन की फाईल पर हस्ताक्षर करने हेतु अपनी सहमति दे दी तत्पश्चात परिवादी को अपने साथ लेकर मसूदा लेकर आया और मसूदा में दस्तावेज लेखक की दुकान पर परिवादी को लेकर के गया जहाँ पर लोन की फाईल पर परिवादी के हस्ताक्षर करवाये परन्तु परिवादी के भरोसे एवं विश्वास पर नाजायज लाभ उठाते हुए परिवादी के हस्ताक्षर अपने दादा ओंकार सिंह की वसीयत पर भी करवा लिये जबकी परिवादी ने विश्वास करते हुए केवल मात्र लोन की फाईल पर हस्ताक्षर करने हेतु सहमति दी थी परन्तु परिवादी के साथ धोखाधडी कारित करते हुए वसीयतनामा पर भी परिवादी के हस्ताक्षर अंकित करवा लिये जिसकी परिवादी को कोई जानकारी नहीं थी।

आसीन्द में मनाएंगे स्वीप का अनोखा रक्षाबंधन

आसीन्द, (निसं)। विधान सभा क्षेत्र आसीन्द में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिये उम्मेदसिंह राजावत, सहायक रिटर्निंग अधिकारी आसीन्द ने नये वोटर्स, युवा मतदाता तथा मतदान के प्रति बेरूखी रखने वाले मतदाताओं की रूची मतदान की और बढाने के लिये यह नवाचार व अनोखी पहल की है। आसीन्द से स्वीप प्रभारी अशोक कुमार पारीक भू.अभिलेख निरीक्षक ने बताया कि उपखण्ड प्रशासन आसीन्द स्वीप कार्यक्रम के तहत पारीक परिवार बराणा ने तहसील कार्यालय की महिला पटावारीयों के सहयोग से 5100 राखियाँ विशेष रूप से तैयार कर सहायक रिटर्निंग अधिकारी आसीन्द को उपलब्ध करवाई है।

ये राखियाँ आकर्षक व मतदान करने का सन्देश देने वाली है जिन पर भैया वोट देना, बहना वोट देना,मैं मतदान करूगां/करूंगी आदि के स्लोगन लिखे हुये है जिसे देखते ही मतदाता के मन में मतदान करने की भावना उत्पन्न होती है।

आसीन्द के राजकीय विद्यालय की छात्रायें तथा तहसील की महिला पटवारी आसीन्द कस्बे में शनिवार को प्रात: 9.30 बजे अनोखे स्वीप रक्षाबन्धन के अवसर मतदाताओं को ये 5100 राखीयाँ बांधेगी। शहर के मुख्य स्थानों चुंगीनाका, पंचायत समिति चौराहा, सदर बाजार, बड़े मन्दिर के पास, गांधी चौक व बस स्टेण्ड पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी आसीन्द,भंवरलाल सैन तहसीलदार आसीन्द, नीतू पारीक नायब तहसीलदार आसीन्द, सुधीर पाठक विकास अधिकारी आसीन्द की उपस्थिति में ये अनोखा स्वीप रक्षा बन्धन का आयोजन किया जायेगा।

अनोखे स्वीप रक्षाबन्धन के अवसर मतदाताओं को 5100 राखीयाँ बांधी जाएगी।

मतदान जागरूकता रथ किया रवाना

अजमेर, (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अजमेर व राजस्थान पर्यावरण विकास एवं शोध संस्थान अजमेर के संयुक्त तत्वाधान में जिला कलेक्ट्रेट से अजमेर क्षेत्र में मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान रथ को रवाना किया। इस दौरान जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक अनिल व्यास, पर्यावरण विकास संस्थान की अध्यक्षा मंजू शर्मा ने मतदान जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं वोटर सेल्फी जोन का भी विमोचन किया। मतदान जागरूकता रथ 26 अप्रैल तक लोकसभा चुनाव के लिए अजमेर शहर में जगह-जगह जाकर लोगो को वोट डालने के लिए प्रेरित करेगा। मतदान जागरूकता रथ में "मेरा वोट होगा जरूर", "कोई मतदाता ना छूटे", "वोट कोई ना हो बेकार" का नारा दिया। इस मौके पर स्वयं जिला कलेक्टर ने वोटर सेल्फी जोन पर अपना फोटो क्लीक कराकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। इस उपलक्ष्य पर संस्था सचिव प्रकाशचंद, संस्थान सदस्य मौजूद रहे।

एक्यूप्रेशर, फिजियोथेरेपी नि:शुल्क शिविर का आयोजन

अजमेर, (कासं.)। श्रमण भगवान महावीर स्वामी के 2623 वें जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन पर्व पर प्रात: 9 से 12 बजे तक, मणीपुंज सेवा संस्थान, बी.के.कौल नगर, अजमेर में दो दिवसीय नि:शुल्क एक्यूप्रेशर, रेकी चिकित्सा एवं फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन किया गया था जिसे रोगियों की माँग पर एक दिन और बढ़ाया गया है। एक्यूप्रेशर एवं रेकी चिकित्सा हेतु डॉ. महेश अग्रवाल एवं उनके सहयोगी टीम ने अपनी प्रशंसनीय सेवायें दी। डॉ. नीलम अग्रवाल एवं डॉ. डिम्पल डांगी ने फिजियोथेरेपी के माध्यम से आने वाले रोगियों के उपचार एवं परामर्श देते हुए उन्हें स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया। शिविर में धर्मेश जैन, शिखरचंद सिंगी, सुमतीमल लोढ़ा, रूपचंद बोहरा, ज्ञानचंद लोढ़ा, मुकेश लोढ़ा, विक्रमसिंह पारख, प्रकाश कूमठ, शांतिलाल श्रीश्रीमाल, दीपक चोपड़ा, पारसमल हिंगड़ आदि ने अपनी सेवायें दी। रजिस्ट्रेशन हेतु सम्पत सिंह जैन कूमठ एवं गोपीचंद लोढ़ा, राजेन्द्र गैलड़ा आदि की टीम द्वारा अपनी सेवायें दी गई जो 20 अप्रेल को भी अपनी नि:शुल्क सेवायें देगें। आज शिविर में लगभग 180 व्यक्तियों ने एक्यूप्रेशर के माध्यम से 60 व्यक्तियों ने रैकी के माध्यम से एवं लगभग 40 व्यक्तियों ने फिजियोथैरेपी के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ लिया।

दिनांक 20 अप्रेल को डॉ. पंकज जैन,अरिहन्तडायग्नोस्टिकसेन्टर, पंचोली चौराहे के पास, अजमेर द्वाराप्रात: 6.00 बजे से 10 बजे तक रक्त, मूत्र, ई.सी.जी. आदि की नि:शुल्क जाँच की जायेगी। जाँच करवाने हेतु सभी को भूखे पेट आना होगा। अधिकांश जाँचे नि:शुल्क रखी गई है एवं कुछ जाँचे रियायती दरों पर की जा रही है ताकि क्षेत्रवासी एवं समाज बन्धु लाभान्वित हो सके। जाँच शिविर की तैयारियों हेतु मुकेश करनावट, विपिन जैन, संजय कावडिया, अशोक पीपाड़ा, अशोक बोथरा, गौतम लुणावत, पारसमल हिंगड़, रमेश खाब्या, गौतम नाहर, रूपचंद बोहरा आदि अपनी सेवायें दे रहे है।

समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश

भीलवाड़ा, (निसं.)। जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता ने शुक्रवार को सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरीक्षण किया।

मेहता ने प्रशिक्षणाधीन अधिकारियों से कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदान एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसका जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि सभी पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी-प्रथम, मतदान अधिकारी-द्वितीय एवं मतदान अधिकारी-तृतीय को मतदान करवाने की प्रक्रिया को पूरी गम्भीरता और उत्साह से सीखें। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों की जिम्मेदारियों को बारीकी से समझाने के निर्देश दिए, ताकि मतदान के दिन यदि कोई समस्या आए, तो तत्काल उसका निराकरण किया जा सके। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर ईवीएम और वीवीपैट मशीन की कार्यप्रणाली के बारे में उनकी समझ को भी परखा।

नागौर जिले में मतदान सम्पन्न

नागौर, (निसं.)। लोकसभा आम चुनाव में मतदान दिवस पर शुक्रवार को सभी मतदान केन्द्रों पर वृद्ध, महिलाओं एवं युवा मतदाताओं में लोकतंत्र के महापर्व को लेकर उत्साह देखा गया। प्रात:काल से मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की कतार देखी गई, जिला प्रशासन द्वारा बनाये गये आदर्श मतदान केन्द्रों, ग्रीन बूथों, महिला, दिव्यांग एवं यूथ प्रबन्धित केन्द्रों पर मतदाता सज-धज कर मतदान करने आये।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अरूण कुमार पुरोहित तथा जिला पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस के निर्देशन में जिलेभर में किये गये पुख्ता प्रबंधन के चलते चुनावी कार्यो के लिए जिम्मेदार सभी अधिकारियों व कार्मिकों द्वारा शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न करवाया। सभी जगह मतदाताओं ने स्वतंत्र एवं निर्भीक होकर मताधिकार का प्रयोग किया। संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभा क्षेत्रों में 6 बजे तक मतदान अनुमानित 56.71 प्रतिशत रहा। सबसे अधिक मतदान मकराना विधानसभा क्षेत्र में 59.91 प्रतिशत, सबसे कम लाडनूं विधानसभा क्षेत्र में 53.24 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र नागौर में 59.36 प्रतिशत, खींवसर में 58.50 प्रतिशत, नावां में 58.34, डीडवाना में 55.54 प्रतिशत, जायल में 54.87 प्रतिशत तथा परबतसर में 53.51 प्रतिशत मतदान रहा। सायं काल मौसम में ठंडक होने पर मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की कतारें देखी गई। जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित ने सेठ किशनलाल कांकरिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बनाये गये यूनिक बूथ पर वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

उन्होंने मतदाताओं को निर्भीक होकर मतदान करने की अपील करते हुए लोकतंत्र के उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। लोकतंत्र के महापर्व में वृद्ध महिलाओं, युवाओं में मतदान के प्रति उत्साह देखा गया। प्रात:काल के समय से ही मतदान केन्द्रों पर हर आयुवर्ग के मतदाता पहुँचेजिले के विभिन्न ग्रीन, यूथ, दिव्यांग मैनेजड मतदान बूथों पर बड़े ही उत्साह के साथ पहुंचे वृद्धजनों, फर्स्ट वोटर, दिव्यांगजन एवं महिला मतदाताओं ने मतदान करने के साथ ही बड़ी ही खुशी से सेल्फी पॉइन्ट पर अमिट स्याही का निशान दिखाते हुए सेल्फी भी खिंचवाई।

गणगौर की बोलावाणी आयोजित


ईसर जी गणगौर माता की बोलावाणी (मंगल फेरे) महादेव जी की छतरी पर हुई।

ब्यावर, (निसं)। श्री माधोपुरिया मोहल्ला गणगौर समिति के तत्वाधान में ईसर जी गणगौर माता की बोलावाणी (मंगल फेरे) महादेव जी की छतरी पर हुई। महेंद्र सलेमाबादी ने जानकारी देते हुए बताया कि सुप्रसिद्ध बैंड की मधुर धुनों के बीच माता रिद्धि सिद्धि, शेषनाग, बाल रूप गणगौर सवारी,दुर्गा माता, माता लक्ष्मी जी, हनुमान जी,गजराज व मयूर कृति ढोल की मधुर थापो व विभिन कार्यक्रमों के बीच सवारी निकलेगी व इसके लिए गुलाब की पंखुड़ियां व विभिन्न प्रकार के फूल बाहर से मंगवाए गए हैं जिनसे मंगल फेरो में पुष्प वर्षा की जाएगी। डॉ. महेंद्र गर्ग ने बताया अग्रसेन बाजार में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र शिव तांडव व महारास की झांकी होगी। श्याम सुंदर लोहिया ने बताया पूरे बाजार को सतरंगी रोशनी से दुल्हन की तरह सजाया गया है व म्यूजिक सिस्टम लगाया गया। आज मेहंदी का कार्यक्रम भी किया गया जिसमें अजय सराफ, सतीश सराफ, जगदीश सोलीवाल, ओम प्रकाश लोहिया, तिलक बाबेल, गौरव गर्ग, निशांत मंगल, सौरभ जयपाल, डोनेस शर्मा, जसवंत बबल, गोविंद गोयल, श्याम सुंदर जिंदल,मनीष, संजय जिंदल, नितेश गोयल, सुरेश वैष्णव, किशन गोपाल अरोड़ा, रेखा जिंदल, अमित मंगल, प्रियंका, अंजलि, कोमल, वैजयंती, अर्पिता, रितु, करुणा अग्रवाल, राजकुमारी, मधु जयपाल, ममता लोहिया, लता सिंघल,सहित गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी रही है।

'कामदा एकादशी का व्रत करने से फल मिलता है'

अजमेर, (कासं)। प्राचीन सिन्धी शिव मन्दिर सेवा ट्रस्ट गंज,व्यापारिक ऐसोसिएशन गंज अजमेर व पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के तत्वावधान में मन्दिर परिसर में पण्डित दामोदर दाधीच की मण्डली के द्वारा कामदा एकादशी की कथा का श्रवण करवाकर महत्व बताते हुए पण्डित दामोदर दाधीच ने बताया कि इस दिन विधी विधान से पूजन करने में भगवान विष्णु प्रसन्न होते है और समस्त प्रकार के पापो नष्ट होते है।

पण्डित दामोदर दाधीच एवं उनकी मण्डली के द्वारा विशेष पूजन महाआरती करवाकर मन्दिर में स्थापित देवताओं, श्री गणेश भगवान,दर्गा माता,शिव परिवार, पूज्य झूलेलाल साहिब और अन्य की प्रतिमाओं को प्रसाद का भोग लगवाकर श्रद्वालुओ में वितरित किया गया।महासचिव रमेश लालवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि मन्दिर के अध्यक्ष भागचन्द दौलतानी और कार्यकारी अध्यक्ष ताराचन्द लालवानी के नेतृत्व में शुक्रवार को कामदा एकादशी के अवसर पर व्रत धारण करवाकर और श्री विष्णु भगवान के पूजन की कथा का श्रवण करवाया गया।

प्रबुद्ध देव भक्तो की मीटिंग आयोजित, तीन जिलों में भाजपा प्रत्याशी को देंगे समर्थन

आसींद, (निसं)। शुक्रवार को भगवान श्री देवनारायण की जन्मस्थली मालासेरी डूंगरी पर भीलवाड़ा चित्तौड़गढ़ और अजमेर के प्रबुद्ध देव भक्तों की मीटिंग हुई, जिसमें भारतीय जनता पार्टी से जुड़े पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं गुर्जर समाज के संगठन से जुड़े कई लोग शामिल हुए। वही इस मीटिंग में शामिल हुए भारतीय जनता पार्टी के भीलवाड़ा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल ने कहा कि मैं आपका ता उम्र आप सभी देव भक्तों का ऋणी रहूंगा।

इस मौके पर उपस्थित प्रबुद्ध जनों को संबोधित करते हुए मालासेरी मंदिर के मुख्य पुजारी हेमराज पोसवाल ने कहा कि भगवान श्री देवनारायण के 1111 वे जन्मोत्सव के अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां पर देव भक्त के रूप में दर्शन के लिए आए थे, यहां पर उन्होंने गुर्जर समाज के गौरवशाली इतिहास का बखान किया।पीएम मोदी के मालासेरी डूंगरी पर आने के बाद मालासेरी डूंगरी की ख्याति देश विदेश में फैल गई है, केंद्र सरकार ने मालासेरी तीर्थ स्थल को प्रसाद योजना के तहत जोड़ा अभी यहां पर करोड़ों रुपए के विकास कार्य होंगे।

इसीलिए हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट करते हुए उनके द्वारा जो भी भाजपा प्रत्याशी बनाए गए हैं उन सभी को हम समर्थन देते हैं। वहीं एडवोकेट अतर सिंह गुर्जर ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री मोदी जी मालासेरी डूंगरी में आए और हमारी इस डूंगरी की को देश प्रदेशों में पहचान मिली। इस मौके पर मालासेरी मंदिर के मुख्य पुजारी हेमराज पोसवाल, महंत कैलाश दास, बीजेपी प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल, भाजपा विधायक जब्बर सिंह सांखला आसींद नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू, एडवोकेट तेजवीर सिंह चुंडावत, शिवराज अरोड़ा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष लादू लाल तेली, पूर्व विधायक रामलाल गुर्जर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष फौजमल गुर्जर, पूर्व जिला न्यायाधीश किशन गुर्जर, एडवोकेट शिवकुमार धबाई, नीरज गुर्जर, एडवोकेट संजय गुर्जर, भगवान सिंह पोसवाल, कैलाश गुर्जर विजयनगर, जिला परिषद सदस्य सत्यनारायण गुर्जर, केकड़ी के पृथ्वीराज गुर्जर, सरपंच मेवाराम, ज्ञान सिंह गुर्जर, जयदेव चाड़, घासीलाल, देवसेना युवा जिला अध्यक्ष भेरूलाल गाडरी, सुख नाथ मनफुल जाट, गुलाब रेबारी, सूखा नाथ, सुरेश लावड़ा, जैतारण के बाबूलाल विकास खटाना ललित खटाना, सुखदेव पोसवाल, रामकुमार गुर्जर, किशनगढ़ के ज्ञान सिंह गुर्जर, पाली गुर्जर समाज के अध्यक्ष बाबूलाल पोसवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

मालासेरी डूंगरी पर भीलवाड़ा चित्तौड़गढ़ और अजमेर के प्रबुद